भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 5958

सोमवार, 30 मार्च, 2026/9 चैत्र, 1948 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

इटावा सफारी पार्क का विकास

5958. श्री जितेंद्र दोहरे:

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार का इटावा सफारी पार्क को राष्ट्रीय-स्तर के पर्यटन केन्द्र के रूप में विकसित करने का विचार है;

(ख) क्या सरकार के पास उक्त पार्क में आवास सुविधाओं, सड़क और रेल संपर्क में सुधार के लिए एक विशेष पैकेज प्रदान करने का कोई प्रस्ताव है; और

(ग) उक्त पहल के माध्यम से स्थानीय युवाओं को प्रदान किए जाने वाले रोजगारों की अनुमानित संख्या कितनी है?

उत्तर

पर्यटन मंत्री **(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ग): पर्यटक केंद्रों के विकास सहित पर्यटन स्थलों का विकास और संवर्धन मुख्य रूप से संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासन द्वारा किया जाता है। तथापि, पर्यटन मंत्रालय स्वदेश दर्शन (एसडी); स्वदेश दर्शन 2.0 (एसडी 2.0); चुनौती आधारित गंतव्य विकास (सीबीडीडी) - स्वदेश दर्शन के तहत एक पहल; तीर्थस्थल कायाकल्प एवं आध्यात्मिक विरासत संवर्धन अभियान (प्रशाद) आदि जैसी अपनी विभिन्न योजनाओं के तहत राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों को देश में पर्यटन अवसंरचना के विकास और अनुभवों को बेहतर बनाने के लिए योजना दिशा-निर्देशों एवं सरकारी निर्देशों के अनुरूप, उनसे परियोजना प्रस्तावों की प्राप्ति पर और निधियों की उपलब्धता तथा परस्पर प्राथमिकता आदि के अध्यधीन वित्तीय सहायता प्रदान करता है। पर्यटन मंत्रालय ने अपनी वर्तमान में चल रही योजनाओं के तहत इटावा सफारी पार्क के विकास के लिए उत्तर प्रदेश में किसी भी परियोजना को मंजूरी नहीं दी है। उत्तर प्रदेश राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी और प्रशाद नामक योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

भारत सरकार ने वर्ष 2024-25 में 'राज्यों को पूंजी निवेश के लिए विशेष सहायता (एसएएससीआई) - वैश्विक स्तर पर प्रतिष्ठित पर्यटक केंद्रों का विकास' नामक पहल के तहत उत्तर प्रदेश राज्य में 74.05 करोड़ रुपये की 'जिला-आगरा में बटेश्वर का विकास' और 80.24 करोड़ रुपये की 'श्रावस्ती में एकीकृत बौद्ध पर्यटन विकास' नामक परियोजनाओं को मंजूरी दी है।

*****

अनुबंध

श्री जितेंद्र दोहरे द्वारा इटावा सफारी पार्क के विकास के संबंध में दिनांक 30.03.2026 को पूछे जाने वाले लोक सभा के लिखित प्रश्न संख्या 5958 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में **विवरण**

उत्तर प्रदेश राज्य में एसडी, एसडी 2.0, सीबीडीडी और प्रशाद योजनाओं के तहत स्वीकृत परियोजनाओं का विवरण

योजना	परियोजना का नाम	स्वीकृति वर्ष	स्वीकृत राशि (करोड़ रु. में)
स्वदेश दर्शन	श्रावस्ती, कुशीनगर और कपिलवस्तु का विकास	2016-17	87.89
	चित्रकूट और श्रृंगवेरपुर का विकास	2016-17	69.45
	आहर - अलीगढ़ - कासगंज - सरोसी (उन्नाव) - प्रतापगढ़ - कौशांबी - मिर्जापुर - गोरखपुर - डुमरियागंज - बस्ती - बाराबंकी - आजमगढ़ - कैराना - बागपत - शाहजहांपुर का विकास	2016-17	71.91
	बिजनौर - मेरठ - कानपुर - कानपुर देहात - बांदा - गाजीपुर - सलेमपुर - घोसी - बलिया - अम्बेडकर नगर - अलीगढ़ - फतेहपुर - देवरिया - महोबा - सोनभद्र - चंदौली - मिश्रिख - भदोही का विकास	2016-17	67.51
	कालिंजर किला (बांदा) - मगहरधाम (संतकबीर नगर) - चौरीचौरा, शहीद स्थल (फतेहपुर) - महुअर शहीद स्थल (घोसी) - शहीद स्मारक (मेरठ) का विकास	2016-17	36.65
	अयोध्या का विकास	2017-18	127.21
	जेवर - दादरी - सिकंदराबाद - नोएडा - खुर्जा - बांदा का विकास	2018-19	12.03
	गोरखनाथ मंदिर (गोरखपुर), देवीपट्टन मंदिर (बलरामपुर) और वटवाशनी मंदिर (डुमरियागंज) का विकास	2018-19	18.30
स्वदेश दर्शन 2.0	वैदिक - वेलनेस एक्सपीरियंस	2023-24	17.80
	आजाद पार्क और देखो प्रयागराज ट्रेल एक्सपीरियंस, प्रयागराज	2023-24	14.52
सीबीडीडी	महोबा में सांस्कृतिक परिदृश्य का विकास	2024-25	24.98
प्रशाद	वाराणसी का विकास - चरण-I	2015-16	18.73
	मेगा पर्यटक परिपथ (चरण-II) के रूप में मथुरा-वृंदावन का विकास	2014-15	10.98
	गंगा, वाराणसी में रिवर क्रूज पर्यटन	2017-18	9.02
	वृंदावन में पर्यटक सुविधा केन्द्र का निर्माण	2014-15	9.36
	वाराणसी का विकास - चरण II	2017-18	44.60
	गोवर्धन में अवसंरचना सुविधाओं का विकास	2018-19	37.59

*****